राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी
पाठ- 13 : सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
कार्यपत्रक-13

1. 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में श्रमिक वर्ग के जीवन की कठिनाइयों का वर्णन किस प्रकार हुआ है? वर्णन कीजिए।

2. क्या आप इससे सहमत हैं कि हमारे समाज में दो वर्ग हैं- शोषक और शोषित? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

3. 'देखा मुझे उस दृष्टि से, जो मार खा रोयी नहीं।' इस पंक्ति से किस ओर संकेत किया गया है?

4. अपने जीवन से एक उदाहरण दीजिए जब किसी गरीब को आपने दयनीय अवस्था में देखा और आपके मन में क्या- क्या विचार आए?

5. समाज में अनेक विषमताएं नज़र आती हैं। उनके बारे में अपने मन के भावों को संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।

6. निराला ने श्रमिक महिला के सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया है? उल्लेख कीजिए।

7. 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के अंत में 'मैं तोड़ती पत्थर' के प्रयोग का क्या आशय है?

8. 'मौन' कविता में प्रेम को मौन से क्यों जोड़ा गया है? व्याख्या कीजिए।

9. जीवन में निर्द्वंद्व होना कितना महत्वपूर्ण है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

10. निराला की कविताओं के शिल्प पक्ष में कौन-कौन सी विशेषताएं आपको अधिक प्रभावित करती हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।